# इंडस्ट्री व इंस्टीट्यूशन के जुड़ने से बनता है कौशल विकास का प्लेटफार्म : सीएम

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों से संवाद के दौरान कहा कि इंडस्ट्री और इंस्टीट्यूशन अगर आपस में जुड़ते हैं तो कौशल विकास का एक बेहतरीन प्लेटफार्म तैयार होता है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि इंस्टीट्यूशन को साथ में जोड़ने से आपको कुशल मानव संसाधन मिलेगा। पीएम और सीएम इंसेंटिव योजना के तहत उन युवाओं का आधा मानदेय सरकार देगी। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में आए दिन प्रदेश में दंगे होते थे। महीनों कर्फ्यू लगा रहता था। जब प्रदेश में व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो पूंजी क्या सुरक्षित रहेगी। वहीं, आज प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उप्र में ईज आफ डूइंग बिजनेस और ईज आफ लिविंग की स्थित बेहतर हुई है।

## कंपनियां करेंगी 4,884 करोड़ का निवेश, 4,516 को मिलेगा रोजगार

| नाम | प्रस्तावित निवेश (करोड़ रु. में) | रोजगार सृजन |
|---|---|---|
| अशोक लीलैंड | 186 | 155 |
| एवी मीरी इंडिया प्राइवेट लि. | 1133.67 | 678 |
| श्री सीमेंट नार्थ प्राइवेट लि. | 1017.00 | 400 |
| आइटीसी | 662.73 | 480 |
| बनासकांठा सहकारी डेरी | 612.35 | 200 |
| बालाजी वेफर्स प्राइवेट लि. | 492.94 | 150 |
| आरएसीएल गियरटेक लि. | 250 | 2000 |
| एशियन पेंट्स लि. | 143.00 | 143 |
| कजारिया सेरामिक्स लि. | 110.00 | 35 |
| सीपी मिल्क एंड फूड्स प्रा. लि. | 84.28 | 200 |
| क्रीमी फूड्स लि. | 192.00 | 75 |

## जनता से संवाद बनाकर अधिकारी हल करें समस्याएं : योगी

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों से कहा कि पीसीएस अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। कानून-व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकारियों को व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के साथ ही, गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति सचेत व संवेदनशील रहना जरूरी है। अधिकारी जनता से संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करें।